# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 17 मार्च 2022 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 17 मार्च, 2022 को 11.30 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आचार्य प्रमोद कुमार जैन, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | आचार्य एस.बी.द्विवेदी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) | - | सदस्य |
| 3. | आचार्य एल.पी.सिंह, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) | - | सदस्य |
| 4. | आचार्य विकास कुमार दुबे, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) व अधिष्ठाता (संकाय कार्य) - प्रभार | - | सदस्य |
| 5. | श्री राजन श्रीवास्तव, कुलसचिव (कार्यवाहक) | - | सदस्य |
| 6. | आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 7. | आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 8. | श्रीमती स्वाति बिस्वास, संयुक्त कुलसचिव (लेखा) | - | सदस्य |
| 9. | श्री गंगेश शाह गोंडवाना, सहायक कुलसचिव (सह-हिन्दी अधिकारी) | - | सदस्य सचिव |

आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग तथा आचार्य सत्यवीर सिंह एवं श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, वाराणसी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

**मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 16 दिसंबर, 2021 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

दिनांक 16 दिसंबर, 2021 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

**मद सं. 2: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 16 दिसंबर, 2021 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 16 दिसंबर, 2021 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की पुष्टि करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

1. डॉ. मनहर चारण, सहायक आचार्य, मानवतावादी अध्ययन विभाग के पुस्तक लेखन प्रस्ताव 'तकनीकी शिक्षा का मानवीयकरण' में खर्चों का ब्योरा रुपये 100,000/- (एक लाख) के अंदर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाय।

2. अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य कार्यालय) से हिन्दी में तैयार शैक्षणिक प्रपत्रों को यथाशीघ्र समीक्षा कर राजभाषा प्रकोष्ठ, भा.प्रौ.सं. (का.हि.वि.) को भेजने का अनुरोध किया जाय।

3. आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव द्वारा हिन्दी में तैयार बी.फार्मा के प्रयोगशाला पुस्तिका (लैब मैनुअल) को प्रयोग हेतु प्रयोगशाला में रखने का अनुरोध किया जाय।

   संस्थान में संग्रहालय स्थापित करने की दिशा में मुख्य ग्रंथालय में एक कक्ष के निर्धारण हेतु तीन सदस्यों – आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, आचार्य प्रभारी (मुख्य ग्रंथालय) एवं उप पुस्तकालयाध्यक्ष की एक समिति गठित करने की संस्तुति की गयी तथा मुख्य कार्यशाला में कक्ष के निर्धारण हेतु पुनः पत्र के माध्यम से अनुरोध कर संपर्क किया जाय।

4. हिन्दी में प्राप्त पुस्तक लेखन प्रस्ताव हेतु गठित समिति (आचार्य लाल प्रताप सिंह, आचार्य राजीव श्रीवास्तव एवं श्री गंगेश शाह गोंडवाना) से उक्त प्रस्तावों पर कार्य करने हेतु अनुरोध किया जाय एवं प्रस्तावों से संबन्धित क्षेत्र के एक संकाय सदस्य को भी समिति में शामिल किया जाय।

गंगेश

कृ.पृ.उ.

मद सं. 3: समिति के समक्ष पिछले चार तिमाहियों के हिन्दी प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति ने संतोष व्यक्त किया।

मद सं. 4: क) संस्थान की वेबसाइट iitbhu.ac.in के द्विभाषीकरण हेतु आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी विभाग एवं डॉ. भावना वर्मा, सह-आचार्य, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग की समिति गठित की जाय। वेबसाइट को द्विभाषी बनाने हेतु संस्थान के सी.सी.आई.एस. से संपर्क कर एक नमूना (टेम्प्लेट) तैयार किया जाय।

ख) संस्थान में गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को हिन्दी टिप्पण लेखन, पत्राचार एवं हिन्दी तिमाही रिपोर्ट भरने का प्रशिक्षण देने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया जाय।

| | | |
|---|---|---|
| गंगेश | स्वाति | |
| (गंगेश शाह गोंडवाना) | (स्वाति बिस्वास) | (सुशांत कुमार श्रीवास्तव) |
| सदस्य सचिव | सदस्य | सदस्य |
| (संजय कुमार पांडेय) | (राजन श्रीवास्तव) | (एल.पी. सिंह) |
| सदस्य | सदस्य | सदस्य |
| | विकाश कुमार दुबे | प्रमोद कुमार जैन |
| (एस.बी.द्विवेदी) | (विकास कुमार दुबे) | (प्रमोद कुमार जैन) |
| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष |